पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शनिवार 1 जनवरी 2022

पेज 8

हरिद्वार संवाद'' कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री धामी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### तीन को उत्तराखंड में हुकार भरेंगे केजरीवाल

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर उत्तराखंड के दौरे पर रहेंगे। वे तीन जनवरी को दून से नव परिवर्तन यात्रा का आगाज करेंगे। साथ ही यहां विशाल रैली को संबोधित करेंगे। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने ये जानकारी दी। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव के लिए बस कुछ ही वक्त बचा है, ऐसे में सभी राजनीतिक दल जनता को अपने पाले में लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में नव परिवर्तन यात्रा शुरू करने जा रही है।

### आप हर विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाएगी अलग मेनिफेस्टो

**संवाददाता** देहरादून। 2022 आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में जनवरी के पहले हफ्ते में अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर देगी। इसके साथ ही जल्द उत्तराखंड नवनिर्माण की रूपरेखा को लेकर घोषणा पत्र कमेटी का गठन भी करेगी, जो सभी 70 विधानसभाओं के लिए अलग–अलग मेनिफेस्टो तैयार करेगी। ये जानकारी दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने दी। उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी पूरी तरह से तैयारियों में जुटी हुई है। केजरीवाल एक के बाद एक देवभूमि का दौरा कर जनता को साधने में जुटे हुए हैं।

### मसूरी में 80 फीसदी होटल बुक, औली और धनोल्टी में पर्यटकों का हुजूम

**संवाददाता** देहरादून। नए साल का जश्न मनाने के लिए उत्तराखंड की वादियों में लगातार पर्यटक पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में पहाड़ों की रानी मसूरी में पर्यटकों का आना जारी है। मसूरी और नैनीताल शहर के अधिकांश होटलों में बुकिंग फुल हो चुकी है। जिससे पर्यटन व्यवयास से जुड़े लोगों के चेहरे खिले हैं। वहीं शहर में आ रहे पर्यटकों को ट्रैफिक की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है।

### टाटा एआईए लाइफ का वित्त वर्ष 22 में बेहतर प्रदर्शन जारी

**संवाददाता** देहरादून। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए लाइफ), जो इंडिविजुअल वेटेड न्यू बिजनेस प्रीमियम के मामले में देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है, ने वित्त वर्ष 2022 की पहली छमाही के परिणामों की घोषणा की है। बीमाकर्ता ने वित्त वर्ष 22 की पहली छमाही में 1,593 करोड़ रु. की आईडब्ल्यूएनबीपी आय दर्ज कराई, वित्त वर्ष 21 की पहली छमाही के 1,280 करोड़ रु. की तुलना में 24.5 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि।

# सभी के प्रयासों से बनेगा उत्तराखण्ड श्रेष्ठ राज्यः सीएम

**सेमिनार**

■ नाबार्ड द्वारा स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन, जारी किया गया स्टेट फोकस पेपर

**संवाददाता**



देहरादून। नाबार्ड द्वारा 2022–23 के लिए उत्तराखण्ड राज्य के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए कुल ऋण क्षमता 28528 करोड़ रूपए का अनुमान लगाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नाबार्ड द्वारा आयोजित 'स्टेट क्रेडिट सेमिनार' में स्टेट फोकस पेपर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की विकास यात्रा हम सभी की सामूहिक यात्रा है। इसमें सभी को पूरी तत्परता से अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना है। 'स्टेट क्रेडिट सेमिनार' में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड को श्रेष्ठ राज्य बनाने में नाबार्ड का महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2025 में उत्तराखण्ड को प्रत्येक क्षेत्र में श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास में नाबार्ड का महत्वपूर्ण योगदान है। आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं के माध्यम से सड़कों, भण्डारण व्यवस्था, पेयजल, सिंचाई आदि में सुधार हुआ है। विशेष रूप से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को मजबूत करने और महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका सृजन कर महिला सशक्तिकरण में भी नाबार्ड का येगदान रहा है। प्राप्त सुझावों का संकलन किया जा रहा है। साथ ही सभी विभागों से अगले 10 वर्षों का रोडमैप भी लिया जा रहा है। इसके आधार पर राज्य के विकास की रूपरेखा बनाई जाएगी। हमारी विकास नीति का लक्ष्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। छोटे किसानों और आम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले। खेती, बागवानी, उद्योगों में नवाचार की जरूरत है। नई तकनीक को अपनाना होगा। बेस्ट प्रैक्टिसेज का समावेश करना है। होम स्टे इसी प्रकार की बेस्ट प्रेक्टीस है। इससे एक ओर हमारे युवाओं को रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर देश विदेश के लोग उत्तराखण्ड की संस्कृति से परिचित हो रहे हैं। होमस्टे इकोलॉजी और इकोनॉमी दोनों में समन्वय का अच्छा उदाहरण है। योजनाएं बहुत सारी हैं। परंतु इसका आउटकम तभी मिलेगा जबकि सामान्य से सामान्य व्यक्ति को भी इनकी पूरी जानकारी हो।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक अरुण प्रताप दास ने कहा कि नाबार्ड, ग्रामीण समृद्धि सुनिश्चित करने के अपने जनादेश के अनुरूप कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सभी हितधारकों को शामिल करते हुए सहभागी और परामशी दृष्टिकोण अपनाकर हर साल देश के प्रत्येक जिले के लिए संभावित लिंक्ड क्रेडिट प्लान (पीएलपी) तैयार करता है। पीएलपी राज्य के प्रत्येक जिले के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के भीतर कृषि, संबद्ध और अन्य क्षेत्रों में ऋण क्षमता का अनुमान प्रदान करती है। ये अनुमान जिला स्तर पर अग्रणी बैंकों और राज्य स्तर पर एसएलबीसी के लिए वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) तैयार करने के लिए एक आधार के रूप में भी काम करते हैं। स्टेट फोकस पेपर, पीएलपी के परिणामों की परिणति है, जिसमें सभी जिलों की संभावनाओं और अनुमानों को समग्र रूप से राज्य के लिए एक समेकित दस्तावेज में शामिल किया गया है। वर्ष 2022–23 के लिए राज्य फोकस पेपर में उत्तराखंड राज्य में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए कुल ऋण क्षमता 28 हजार 528 करोड़ का अनुमान लगाया गया है, जो पिछले वर्ष के क्रेडिट योजना की तुलना में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा वर्ष 2025 में उत्तराखण्ड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इसी क्रम में हमने बोधिसत्व विचार श्रृंखला जारी की है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और प्रबुद्ध लोगों के साथ संवाद किया जा रहा है।

# सचिवालय कूच करने जा रहे कनिष्ठ अभियंताओं को रोका

**रोष**

■ गुस्साएं प्रदर्शनकारी पानी की टंकी पर चढ़े

**संवाददाता**



देहरादून। लोक निर्माण विभाग में विभागीय संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं ने राजधानी देहरादून में सचिवालय कूच किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस व संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं के बीच धक्का–मुक्की हुई।

**पुलिस और प्रशासन के हाथ पैर फूल गएः** अभियंताओं को गिरफ्तार कर ले जा रहे पुलिस वाहन के साथ पीडब्ल्यूडी कर्मी लेट गए। वहीं दो प्रदर्शनकारी पानी की टंकी पर चढ़ गए। जिसके बाद कुछ प्रदर्शनकारी कनिष्ठ अभियंता संविदा कर्मचारी पानी की टंकी के नीचे खड़े होकर प्रदर्शन करने लगे। यह देख पुलिस और प्रशासन के हाथ पैर फूल गए।

**एकता विहार में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं कनिष्ठ अभियंताः** अपनी मांगों के समर्थन में लोनिवि में संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं ने शुक्रवार को सचिवालय कूच किया। प्रांतीय अध्यक्ष सूरज डोभाल ने बताया कि लोनिवि में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता 16 नवंबर से एकता विहार में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।

**कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लियाः** 20 दिसंबर को सचिवालय कूच के दौरान विभागीय मंत्री सतपाल महाराज ने उन्हें 24 दिसंबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में उनका मामला लाए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक उनके मामले में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। अपनी मांगों के मनवाने के लिए अब प्रदेश में कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं ने सचिवालय कूच किया।

### सीएम ने हरिद्वार संवाद'' कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रेक्षागृह में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित ''हरिद्वार संवाद'' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आगामी मार्च 2022 तक अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों के आयोजनों की योजना बनाई गयी है, जिसमें लगातार नये–नये विचारों की श्रृंखला सामने आ रही है। ऐसे आयोजनों से अमृत निकलेगा, गति मिलेगी तथा रास्ता मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमारी संस्कृति के उत्थान के लिये जो प्रयास किये हैं, वे अतुलनीय हैं। केदारपुरी का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि केदारपुरी में 400 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।